Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 19-05-2006

Participants : Mohale Shri Punnulal

Title : Need to accord sanction to the Arpabhaisa Jhal Irrigation Project in Chhattisgarh.

श्री पुन्नूलाल मोहले (बिलासपुर) : सभापति महोदय, मैं छत्तीसगढ़ राज्य के विलासपुर जिले की अर्पा भैंसा झाल बृहद सिंचाई परियोजना, जो केन्द्र सरकार के पास लम्बित है, की तरफ आपका ध्यान आकर्ति करना चाहूंगा। उक्त योजना की लागत लगभग 60 करोड़ रुपए सन् 2001 में थी। इस योजना का प्राक्कलन बना कर जल ग्रहण आयोग को भेजा गया, जो उनकी स्वीकृति के लिए विचाराधीन है। विलासपुर जिले में ग्राम सकरी के पास उस योजना के लिए कालोनी भी बनाई जा चुकी है और वहां अधिकारियों की नियुक्ति भी की जा चुकी है और यह योजना वहां लम्बित cè[R57]।

सभापति जी, इस योजना के बनने से लगभग दो लाख किसानों के खेतों को बारहमासी सुविधा मिल सकेगी तथा जलविद्युत का उत्पादन बढ़ाया जा सकेगा। इस योजना के बनने से दो प्रकार के फायदे होंगे- एक किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी और दूसरे स्थानीय लोगों को ि वद्युत उपलब्ध होगी। इससे लोगों की आर्थिक स्थिति सुधरेगी। इसलिए मैं केन्द्र सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि बिलासपुर की अरपाभैसाजाल सिंचाई परियोजना को अविलम्ब स्वीकृति प्रदान की जाए।